बिहार सरकार
खेल विभाग

:– संकल्प :–

सं० संख्या–5 / नि. 2–11 / 2025– 3293 / पटना, दिनांक–29/07/2025

**विषयः–** **राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर (नालंदा) अंतर्गत असैनिक एवं विद्युतीकरण कार्य के निमित पुनरीक्षण के फलस्वरूप कुल राशि ₹11,21,41,20,515 (ग्यारह सौ इक्कीस करोड़ इकतालीस लाख बीस हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) मात्र के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण का मुख्य उद्देश्य राज्य खेल अकादमी के माध्यम से राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक प्रशिक्षण (आवासीय एवं गैर आवासीय) एवं अन्य आवश्यक सुविधा प्रदान करना तथा राज्य में विभिन्न खेलों का राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए आधुनिकतम खेल अवसंरचना का निर्माण कर राज्य के युवाओं की खेल प्रतियोगिता में अधिकाधिक प्रतिभागिता, प्रतिभा के आधार पर चयन एवं खेल के प्रति जागरूकता लाना है। क्रिकेट स्टेडियम में राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय / आई0पी0एल0 क्रिकेट मैचों / लीग मैचों के आयोजन एवं प्रशिक्षण (आवासीय एवं गैर आवासीय) हेतु बी0सी0सी0आई0 मानक के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम तैयार करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

2. राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण के फलस्वरूप यहाँ कुल 24 खेल विधा (क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, हॉकी, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, जुडो, ताईक्वाण्डो, लॉन टेनिस, हैण्डबॉल, साईक्लिंग, तैराकी, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, वुशु, तलवारबाजी, स्क्वैश, तीरंदाजी, निशानेबाजी, टेबल टेनिस, बिलियर्ड) का आयोजन एवं प्रशिक्षण हो सकेगा।

3. क्रिकेट स्टेडियम में लगभग 40 हजार दर्शकों की क्षमता तथा पवेलियन, रिवर्स पवेलियन, जेनरल स्टैण्ड, मीडिया, हॉस्पीटैलिटी, कैटरिंग, वी0आई0पी0, प्लेयर्स स्टैण्ड, अभ्यास क्रिकेट पिच सहित पार्किंग की सुविधा होगी। राज्य खेल अकादमी में अभ्यास एवं प्रतिस्पर्द्धा हेतु आउटडोर स्पोर्ट्स एरिना में एथलेटिक ट्रैक (सिंथेटिक) फुटबॉल मैदान सहित, हॉकी फिल्ड (एस्ट्रोटर्फ), बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबॉल कोर्ट, हैण्डबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, स्वीमिंग पूल, साईक्लिंग वेलोड्रम एवं फुटबॉल मैदान की व्यवस्था तथा इण्डोर स्पोर्ट्स एरिना में 05 हॉल होगी, जिसमें कुश्ती, भारोत्तोलन, वालीबॉल, बैडमिन्टन, बिलियर्ड, तीरंदाजी, शूटिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताईक्वाण्डो एवं बहुद्देशीय हॉल की व्यवस्था है।

4. राज्य खेल अकादमी के संचालनार्थ एवं प्रशासनिक नियंत्रण हेतु एक प्रशासनिक भवन का निर्माण (इण्डोर स्पोर्ट्स एरिना के बीच) किया जा रहा है, जिसमें प्रशासनिक खण्ड के अतिरिक्त इस भवन में भू–तल पर ऑडिटोरियम, स्पोर्ट्स म्यूजियम, स्पोर्ट्स लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स मेडिसीन, स्पोर्ट्स सांइस एवं कैन्टीन के लिए संरचना का निर्माण किया जा रहा है।

5. खेल के क्षेत्र में बिहार राज्य ने व्यापक प्रगति की है। खेल के सभी विधाओं में राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के निर्माण से राज्य में खेल प्रतियोगिताओं का वृहत् स्तर पर आयोजन होगा एवं युवाओं को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये जाने से उनमें खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और खेल संस्कृति में वृद्धि हुई है तथा व्यापक सहभागिता का माहौल बना है। उक्त स्टेडियम के निर्माण होने पर खेलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बिहार के युवाओं में सहभागिता बढ़ेगी। उक्त स्टेडियम में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा राज्य के खिलाड़ी कई राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी विशिष्ट पहचान बना पाएंगे।

6. राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर (नालंदा) अंतर्गत असैनिक एवं विद्युतीकरण कार्य के निमित पुनरीक्षण के फलस्वरूप कुल राशि ₹11,21,41,20,515 (ग्यारह सौ इक्कीस करोड़ इकतालीस लाख बीस हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

7. राज्य खेल अकादमी–सह–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर (नालंदा) अंतर्गत असैनिक एवं विद्युतीकरण कार्य के निमित पुनरीक्षण के फलस्वरूप कुल राशि ₹11,21,41,20,515 (ग्यारह सौ इक्कीस करोड़ इकतालीस लाख बीस हजार पाँच सौ पन्द्रह रूपये) मात्र के प्राक्कलन को दिनांक–29.07.2025 की मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–14 में स्वीकृति प्राप्त है।

8. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2025–26 के मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106–स्टेडियम एवं खेल संरचना विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य, मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना 0101–स्टेडियम एवं खेल संरचना विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य एंव मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना 0104–स्टेडियम एवं खेल संरचना विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य के अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

**आदेशः— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराये जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

29/07/25

**(निरंजन कुमार)**

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—05/नि 2—11/2025— 3293 पटना, दिनांक—29/07/2025

प्रतिलिपि :—अवर सचिव, ई—गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना—80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

29/07/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—05/नि 2—11/2025— 3293 पटना, दिनांक—29/07/2025

प्रतिलिपि :—महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/07/25

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—05/नि 2—11/2025—3293 पटना, दिनांक—29/07/2025

प्रतिलिपि :—मुख्य सचिव, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शारीरिक शिक्षा/सभी जिला खेल पदाधिकारी/सभी अधीक्षक, शारीरिक शिक्षा/सभी उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा एवं संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/07/25

सरकार के संयुक्त सचिव।